विनियामक फोरम (एफओआर)

वार्षिक रिपोर्ट
2020-21

वार्षिक रिपोर्ट
2020–21

विनियामक फोरम (एफओआर)

विनियामक फोरम (एफओआर)

सचिवालयः मार्फत केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (केविविआ)
तृतीय और चतुर्थ तल, चंद्रलोक बिल्डिंग, 36 जनपथ, नई दिल्ली–110001
दूरभाष :. 91–11–23753920फैक्स : 91–11–23752958

प्रस्तावना

वर्ष 2020–21 के दौरान, विनियामक फोरम (एफओआर) ने विद्युत क्षेत्र के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करके और महत्वपूर्ण मुद्दों पर आगे के मार्ग पर आम सहमति बनाकर अपने उद्देश्यों को पूरा करना जारी रखा। फोरम ने विद्युत वितरण और नवीकरणीय ऊर्जा के संवर्धन में सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण उपाय किए।

फोरम ने भारत में उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित विधिक उपबंधों के कार्यान्वयन में चुनौतियों की पहचान करने और सीजीआर तंत्र और प्रदर्शन के मानकों में सुधार सहित उपभोक्ता पक्ष समर्थन बढ़ाने हेतु उपायों का सुझाव देने के उद्देश्य से ''भारत में विद्युत क्षेत्र में उपभोक्ता संरक्षण'' पर एक अध्ययन किया। अध्ययन में उपभोक्ता अधिकारों को सुदृढ़ करने, उपभोक्ता अधिकार के संरक्षण और उपभोक्ता पक्ष समर्थन से संबंधित जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न उपायों की सिफारिश है। अध्ययन में सभी वितरण कंपनियों/एसईआरसी द्वारा उपभोक्ता चार्टर तैयार करने और वितरण कंपनियों/एसईआरसी द्वारा प्रकाशित चार्टर को सुदृढ़ करने का भी सुझाव दिया गया है।

एफओआर ने खुदरा टैरिफ को प्रभावित करने वाले कारकों का विश्लेषण करने और उनसे व्यवहार करने के उपायों की सिफारिश करने के लिए एक कार्यकारी समूह का भी गठन किया। कार्यकारी समूह ने विद्युत क्रय लागत के विभिन्न घटकों और खुदरा टैरिफ पर उनके प्रभाव के साथ–साथ विद्युत क्षेत्र से बाहर के विभिन्न कारकों और उत्पादन, पारेषण और वितरण (आंतरिक कारक) की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला और खुदरा टैरिफ पर इन बाहरी और आंतरिक कारकों के प्रभाव का विश्लेषण करने पर ध्यान केंद्रित किया। यह अध्ययन 12 राज्यों के लिए आयोजित किया गया था, जो देश में खपत की गई कुल ऊर्जा का 50% हिस्सा था। इस रिपोर्ट को एफओआर द्वारा स्वीकार किया गया था और सिफारिशों में कोयला क्षेत्र और रेलवे क्षेत्र के लिए स्वतंत्र विनियामकों की स्थापना , विद्युत उत्पादन के लिए कोयले पर लगाए गए हरित उपकर में कमी, एफजीडी आदि के कार्यान्वयन के कारण खुदरा टैरिफ में वृद्धि को कम करने के लिए विद्युत क्षेत्र से एकत्रित स्वच्छ ऊर्जा उपकर का उपयोग, केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच फंसे हुए उत्पादन आस्तियों से जुड़ी लागत की शेयरिंग, यूटिलिटीज के प्रदर्शन के साथ आरओई की वसूली को जोड़ना और स्वीकृत आरओई की कैपिंग, बाजार के अधिकतर उपयोग के माध्यम से लागत का इष्टतमीकरण शामिल थे।

इस क्षेत्र के समग्र विकास के लिए, किसी क्षेत्र में शामिल व्यावसायिक व्यक्तियों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपने ज्ञान के आधार का विस्तार करें और उचित प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पहलों के माध्यम से अपने कौशल को बढ़ाएं। कोविड–19 महामारी को ध्यान में रखते हुए और कर्मियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, एफओआर ने सीजीआरएफ और लोकपाल के अधिकारियों के लिए ''उपभोक्ता हितों का संरक्षण'' पर ऑनलाइन क्षमता निर्माण कार्यक्रम और सभी एसईआरसी/जेईआरसी के विनियामकों और अधिकारियों के लिए ''टैरिफ सेटिंग'' पर कार्यक्रम आयोजित किए।

यह फोरम विद्युत क्षेत्र में सर्वांगीण विकास में बाधा डालने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्यान्वयन योग्य समाधानों की पहचान करने के लिए क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ चर्चा में प्रवृत्त है। फोरम द्वारा की गई पहलों की पृष्ठभूमि में, कार्यान्वयन के लिए विभिन्न अध्ययनों में की गई सिफारिशों को अपनाने का दायित्व मुख्य रूप से एसईआरसी/जेईआरसी पर है और विद्युत क्षेत्र के सतत विकास में सहायता करने के लिए एफओआर की सिफारिशों पर एक विचारशील दृष्टिकोण रखने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों पर है। हम, फोरम के अधिदेश को पूरा करने में सभी हितधारकों से निरंतर समर्थन की अपेक्षा करते हैं।

अध्यक्ष, विनियामक फोरम

विषय सूची

1. **विनियामक फोरम के बारे में(एफओआर)** **7**

फोरम का गठन 7

फोरम के कार्य 7

फोरम का वित्त 8

मिशन विवरण 8

2. **फोरम की गतिविधियां** **9**

विनियामक फोरम की बैठकें 9

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 11,15 और 18 मई और जून, 2020 को आयोजित एफओआर की 71वीं बैठक 9

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 17 अगस्त, 2020को आयोजित एफओआर की 72वीं बैठक 9

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 21 और 29 सितम्बर, 2020को आयोजित एफओआर की 73वीं बैठक 10

पूर्ण किए गए अध्ययन 10

भारत में विद्युत क्षेत्र में उपभोक्ता संरक्षण पर एफओआर की रिपोर्ट 10

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान क्षमता निर्माण कार्यक्रम 12

3. **वर्ष 2020–21 के दौरान विनियामक फोरम के सदस्य विनियामक निकायों की उपलब्धियां (केविविआ/एसईआरसी/जेईआरसी)** **14**

केन्द्रीय विद्युयत विनियामक आयोग 15

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान एसईआरसी/जेईआरसी की उपलब्धि 15

4. **राष्ट्रीय विद्युत नीति और टैरिफ नीति से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों की स्थिति** **27**

5. **केविविआ, एसईआरसी और जेईआरसी के अध्यक्षों की सूची** **30**

6. **एफओआर के वार्षिक लेखा** **31**

केविविआ द्वारा अवधारित उत्पादन टैरिफ 52

एसईआरसी/जेईआरसी द्वारा जारी किए गए टैरिफ आदेशों के जारी करने का समय 61

सीजीआरएफ और लोकपाल की कार्य पद्धति 65

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान सीजीआरएफ और लोकपाल से संबंधित रिक्त पदों का सारांश 65

लोकपाल द्वारा शिकायतों के निपटान की स्थिति – अप्रैल 2020 से मार्च 2021 67

सीजीआरएफ द्वारा शिकायतों के निपटान की स्थिति – अप्रैल 2020 से मार्च 2021.. 68

1 विनियामक फोरम (एफओआर) के बारे में

विद्युत क्षेत्र के लिए एक स्वतंत्र विनियामक आयोग की परिकल्पना वर्ष 1990 के दशक के आरंभ में उस समय की गई थी जब 1994 में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विद्युत संबंधी राष्ट्रीय विकास परिषद समिति ने 'सार्वजनिक और निजी प्रयोज्यताओं की टैरिफ नीतियों को विनियमित करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर स्वतंत्र व्यवसायिक टैरिफ बोर्डो का गठन' करने की सिफारिश की थी। समिति ने यह भी दोहराया था कि 'टैरिफ बोर्डो से प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक राज्य के लिए समुचित विद्युत टैरिफों को तैयार करने के मामले में उच्च स्तर की व्यवसायिकता आ सकेगी।' विनियामक आयोग के गठन की आवश्यकता को वर्ष 1996 में आयोजित मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में पुनः दोहराया गया। सम्मेलन में अन्य बातों के साथ साथ विद्युत के लिए सामान्य न्यूनतम राष्ट्रीय कार्रवाई योजना की बात को व्यक्त करते हुए यह सहमति हुई कि राज्य विद्युत बोर्डों में सुधार और पुनर्संरचना करना आवश्यक है तथा इन्हें निश्चित सीमा के अंदर पूरा किया जाना चाहिए और इस दिशा में एक उपाय के रूप में विद्युत विनियामक आयोगों को बनाने की बात को समझा गया। इस प्रकार केन्द्र तथा राज्यों में विद्युत विनियामक आयोगों के निर्माण के लिए विद्युत विनियामक आयोग (ईआरसी) अधिनियम, 1998 (संक्षेप में, 1998 अधिनियम) अधिनियमित किया गया। 1998 का अधिनियम, टैरिफ विनियमन से सरकार को दूर रखने के उद्देश्य से अधिनियमित किया गया था। 1998 के अधिनियम में विद्युत टैरिफ को तर्कसंगत बनाने, टैरिफ सब्सिडी इत्यादि से संबंधित पारदर्शिता नीतियों के सुव्यवस्थितीकरण के लिए केन्द्र तथा राज्यों में विद्युत विनियामक आयोगों के लिए उपबंध किया गया। 1998 के अधिनियम को तब से विद्युत अधिनियम 2003 (संक्षेप में, 2003 का अधिनियम) द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है। 2003 अधिनियम के आरंभ से, विद्युत विनियामक आयोगों के कृत्यों में, अन्य बातों के साथ, विद्युत बाजार के क्षेत्र के विकास की भूमिका और सरकार को परामर्श देने का कार्य सौंप कर, विस्तार किया गया है। केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (केविविआ) तथा अधिकांश राज्य विद्युत विनियामक आयोग (एसईआरसी), 1998 के अधिनियम के अंतर्गत गठित किए गए थे। तथापि, मेघालय राज्य विद्युत विनियामक आयोग (एमएसईआरसी), जेईआरसी – (मणिपुर एवं मिजोरम), जेईआरसी (गोवा एवं संघ शासित प्रदेश) और जेईआरसी (जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख) तथा जैसे कुछ एसईआरसी/जेईआरसी, 2003 के अधिनियमन के बाद गठित किए गए थे। इस फोरम का गठन, विद्युत क्षेत्र में ईआरसी, एसईआरसी और जेईआरसी द्वारा निर्मित विनियमों के संगतिकरण के मुख्य उद्देश्य से विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 166(2) के अधीन उपबंध के अनुसरण में विद्युत मंत्रालय (एमओपी) की 16 फरवरी, 2005 की अधिसूचना द्वारा किया गया था।

फोरम का गठन

फोरम में केन्द्रीय आयोग के अध्यक्ष एवं राज्य आयोगों के अध्यक्ष शामिल होंगे। केन्द्रीय आयोग के अध्यक्ष विनियामक फोरम के अध्यक्ष होंगे। केन्द्रीय आयोग के सचिव फोरम केपदेन सचिव होंगे। फोरम की सचिवीय सहायता केन्द्रीय आयोग द्वारा प्रदान की जाएगी। फोरम का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित होगा।

फोरम के कार्य

फोरम निम्नलिखित कार्यों का निर्वहन करेगा अर्थातः–

- केन्द्रीय आयोग तथा राज्य आयोगों के टैरिफ आदेशों तथा अन्य आदेशों का विश्लेषण एवं उक्त आदेशों से उत्पन्न आकंडों का संकलन करना विशेष रूप से प्रयोज्यताओं की कार्य कुशलता को रेखांकित करना;
- विद्युत क्षेत्र में विनियमन में एकरूपता;
- अधिनियम के अंतर्गत अपेक्षित अनुज्ञप्तिधारियों के कार्य निष्पादन के मानकों को निर्धारित करना;
- सामान्यहित के और सामान्य दृष्टिकोण के विभिन्न मुददों के संबंध में फोरम के सदस्यों को सूचना शेयर करना;
- ऊर्जा क्षेत्र विनियमन से संबंधित मुददों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से या इनहाउस अनुसंधान कार्य से पूरा करना;

- उपभोक्ताओं के हित की सुरक्षा के लिए उपाय विकसित करना और ऊर्जा क्षेत्र में कार्य कुशलता, मितव्ययिता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना; तथा
- इस प्रकार के अन्य कार्य जिसे केन्द्रीय सरकार समय समय से निर्दिष्ट कर सकती है।

फोरम का वित्त

केन्द्रीय सरकार फोरम की गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए राज्य आयोगों से आवश्यक वित्तीय अंशदान ले सकती है। केन्द्रीय आयोग फोरम की गतिविधियों के लिए अलग लेखा रखेगी।

मिशन विवरण

विनियामक फोरम की अवधारणा स्वतंत्र विनियमों के विकास को पूरा करने तथा भारत में विद्युत क्षेत्र में स्टेक रखने वालों को शक्ति प्रदान करने के मिशन से आरंभ किया गया था। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए फोरम का लक्ष्य निम्नानुसार हैः–

- विद्युत क्षेत्र में विनियमों की एकरूपता।
- सम्पूर्ण भारत में राष्ट्रीय नीतियों का अनुपालन
- भारत में विद्युत क्षेत्र में विनियामक निश्चितता बनाए रखने के लिए ईआरसी को प्लेटफार्म उपलब्ध करवाना।
- उपभोक्ताओं के हित में व्यापक नीतियों/विनियमों के कार्यान्वयन के माध्यम से निवेश को बढ़ावा देने के लिए पहल करना

2 फोरम की गतिविधियां

विनियामक फोरम की बैठकें

फोरम ने वर्ष के दौरान पांच वर्चुअल बैठकें आयोजित कीं और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम सहमति बनाई।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 11, 15 और 18 मई और 2 जून, 2020 को आयोजित एफओआर की 71वीं बैठक

- वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए अनुमानित व्यय और प्रत्याशित आय को दर्शाने वाले विनियामक फोरम के बजट पर चर्चा की गई। तदुपरांत, बजट को मंजूरी दी गई।
- फोरम को लेखा परीक्षक, कर परामर्शदाता और जीएसटी परामर्शदाता को नियुक्त करने की चल रही प्रक्रिया के बारे में सूचित किया गया ।
- फोरम को चल रहे आईटी मामलों की स्थिति के बारे में सूचित किया गया
  1) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(46) के अधीन आयकर के भुगतान से छूट प्रदान किए जाने का अनुरोध।
  2) निर्धारण वर्ष 2016–2017 (वित्तीय वर्ष 2015–16) के लिए एफओआर के जुर्माना का मामला
- एफओआर ने फीस संरचना और अन्य तौर–तरीकों पर काम करने के लिए एफओआर का कार्यकारी समूह के गठन को अनुमोदित किया। फोरम ने वित्तीय वर्ष 2020–21 में आयोजित किए जाने वाले क्षमता निर्माण कार्यक्रमों और अध्ययनों को अनुमोदन दिया।
- ताप विद्युत संयंत्रों द्वारा एफजीडी के कारण निवेश अनुमोदन/अनंतिम टैरिफ के संबंध में विद्युत मंत्रालय के संदर्भ पर चर्चा की गई और फोरम ने प्राथमिकता के आधार पर याचिकाओं के निपटान की आवश्यकता को नोट किया।
- फोरम को निम्नलिखित की स्थिति पर भी अवगत किया गया था
  1) एसईआरसीएस/जेईआरसीएस में ई–कोर्ट का कार्यान्वयन
  2) मध्यम अवधि के लिए विद्युत की खरीद हेतु मानक बोली दस्तावेजों के संदर्भ में एफओआर का कार्यकारी समूह
- फोरम ने ड्राफ्ट विद्युत (संशोधन) बिल, 2020 पर भी विचार–विमर्श किया

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 17 अगस्त, 2020 को आयोजित एफओआर की 72वीं बैठक

बैठक के दौरान,

- फोरम ने वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए वार्षिक लेखा परीक्षित लेखा को मंजूरी दी।
- दीर्घकालिक संविदाओं में एनटीपीसी/एसईसीआई द्वारा प्रभारित व्यापार मार्जिन पर पीएसईआरसी से प्राप्त संदर्भ पर चर्चा की गई और यह सहमति हुई कि एसईआरसी, एमएनआरई से संपर्क कर सकते हैं और एमएनआरई से बोली दिशानिर्देश/मानक बोली दस्तावेज में व्यापार मार्जिन को अपफ्रंट के रूप में शामिल न करने का अनुरोध कर सकते हैं।
- फोरम ने ड्राफ्ट केविविआ पावर बाजार विनियम, 2020 पर चर्चा की।
- फोरम ने उपभोक्ता संरक्षण पर एफओआर अध्ययन की ड्राफ्ट रिपोर्ट पर विचार किया। चर्चा के बाद, फोरम ने परामर्शदाता को एफओआर के सुझावों को शामिल करने का सुझाव दिया। इस प्रकार के सुझावों को शामिल करने के अध्यधीन, एफओआर ने ड्राफ्ट रिपोर्ट को अनुमोदित किया।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 21 और 29 सितम्बर, 2020 को आयोजित एफओआर की 73वीं बैठक

- फोरम ने सदस्यता फीस के मामले की जांच करने और एक उपयुक्त फीस संरचना का सुझाव देने के लिए कार्यकारी समूह की सिफारिशों को मंजूरी दी और दो वर्षों (वित्तीय वर्ष 2020–21 और वित्तीय वर्ष 2021–22) के लिए प्रति सदस्य 4 लाख रुपये की पुनरीक्षित सदस्यता फीस का भी समर्थन किया।
- फोरम ने वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए पुनरीक्षित बजट को मंजूरी दी और वित्तीय वर्ष 2020–21 की समाप्ति से पहले वित्तीय वर्ष 2021–22 के बजट की समीक्षा करने का निर्णय लिया।
- एफओआर ने विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी ड्राफ्ट विद्युत (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियम, 2020 पर चर्चा की। विचार–विमर्श के बाद, यह निर्णय लिया गया कि प्रस्तावित नियमों पर एफओआर की प्रतिक्रिया, डीईआरसी के अध्यक्ष की अध्यक्षता में एफओआर सदस्यों की समिति द्वारा तैयार की जाएगी और इसमें यूपीईआरसी, ओईआरसी, टीईआरसी, डब्ल्यूबीईआरसी और जीईआरसी के अध्यक्ष शामिल होंगे।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 16 अक्तूबर, 2020 को आयोजित एफओआर की विशेष बैठक

फोरम ने खुदरा विद्युत टैरिफों को प्रभावित करने वाले कारकों से संबंधित मुद्दों पर डब्ल्यूबीईआरसी के संदर्भ पर चर्चा की। चर्चा के बाद, अध्यक्ष के रूप में पीएसईआरसी के अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल, ओडिशा, गुजरात, तमिलनाडु और जेईआरसी (गोवा और केंद्र शासित प्रदेशों) के ईआरसी के अध्यक्षों को सम्मिलित करते हुए एक कार्यकारी समूह का गठन करने का निर्णय लिया गया।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 27 फरवरी, 2020 को आयोजित एफओआर की विशेष बैठक

फोरम ने ड्राफ्ट विद्युत (संशोधन) विधेयक, 2021 पर चर्चा की।

पूर्ण किए गए अध्ययन

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान एफओआर द्वारा किए गए अध्ययनों और अध्ययन रिपोर्टों में की गई सिफारिशों पर निम्नलिखित अनुभागों में चर्चा की गई है:

भारत में विद्युत क्षेत्र में उपभोक्ता संरक्षण पर एफओआर की रिपोर्ट

उपभोक्ताओं के अधिकारों का विवरण, विद्युत अधिनियम, टैरिफ नीति, राज्य विनियमों, टैरिफ आदेशों आदि में दिया गया है। उपभोक्ता अधिकार संरक्षण की आवश्यकता को विद्युत अधिनियम के एक अभिन्न अंग के रूप में परिकल्पित किया गया है और उपभोक्ता शिकायतों के निवारण के लिए उनके संबंधित राज्यों में उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम और लोकपाल की एक औपचारिक प्रणाली के माध्यम से उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान के लिए उपबंधों को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न वितरण कंपनियों/एसईआरसी ने, नागरिक चार्टर और प्रदर्शन के मानक विनियमों को आरंभ किया है। राज्यों में एसओपी विनियमों की समीक्षा, मुआवजे की लागू राशि (वितरण कंपनियों द्वारा एसओपी के गैर–अनुपालन के लिए) के साथ–साथ मानकों के स्तर में व्यापक भिन्नता पर प्रकाश डालती है। इसके अतिरिक्त, मौजूदा मुआवजा तंत्र, एसओपी मापदंडों के गैर–अनुपालन की स्थिति में, उपभोक्ता पर वितरण कंपनियों से मुआवजे का दावा करने का दायित्व डालता है। इसके अतिरिक्त, मुआवजे का दावा करने की प्रक्रिया, सीजीआरएफ तक शिकायत को ले जाने की संभावित आवश्यकता के साथ, उपभोक्ताओं के लिए सामान्यतः लंबी और समय लेने वाली हो सकती है। एफओआर ने उपभोक्ता शिकायत निवारण और उपभोक्ता संरक्षण की समीक्षा की स्थिति के लिए यह अध्ययन किया। इस रिपोर्ट में, उपभोक्ता हितों के संरक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा और विश्लेषण किया गया है, और मोटे तौर पर तीन मुख्य शीर्षों अर्थात् उपभोक्ता अधिकार, उपभोक्ता संरक्षण तंत्र और उपभोक्ता वकालत के अधीन वर्गीकृत किया गया है। राज्यों में विद्युत क्षेत्र में उपभोक्ता संरक्षण के संबंध में विभिन्न विनियमों की समीक्षा और उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर, भारत के विद्युत क्षेत्र में उपभोक्ता संरक्षण में वृद्धि और सुधार के लिए निम्नलिखित उपायों की पहचान की गई है। इन सुझावों को, तीन व्यापक पहलुओं में वर्गीकृत किया गया है और निम्नलिखित तालिका में संक्षेपित किया गया है:

क्रमांक	सुझाव	विवरण	सर्वोत्तम प्रथाएं
		उपभोक्ता अधिकार	
1	विस्तृत उपभोक्ता चार्टर/दस्तावेज	सभी प्रासंगिक विनियमों और आदेशों के उपबंधों को सम्मिलित करते हुए, सुसंगत दस्तावेज को नियमित रूप से अपडेट किया जाता है	1. एमएसईडीसीएल के नागरिक चार्टर को सम्मिलित करते हुए सुसंगत दस्तावेज को नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है 2. सभी प्रासंगिक विनियमों और आदेशों से स्थानीय उपभोक्ताओं उपबंधों के लिए फिलीपींस ईआरसी मैग्ना कार्टा
2	एसओपी गैर–अनुपालन के लिए मुआवजे का ऑटोमैटिक क्रेडिट	उपभोक्ता शिकायतों या मानकों के समाधान के लिए समय–सीमा का पालन न करने की स्थिति में उपभोक्ताओं को मुआवजे का ऑटोमैटिक क्रेडिट	यूनाइटेड किंगडम में एसओपी को पूरा करने में विफलता के लिए ऑटोमैटिक भुगतान
3	एसओपी अनुपालन निगरानी	1. एसओपी रिपोर्टिंग कठोर प्रवर्तन 2. एसओपी अनुपालन के तृतीय पक्षकार की लेखापरीक्षा	फिलीपींस में प्रदर्शन मूल्यांकन और लेखा परीक्षा (पीएए)
		उपभोक्ता अधिकार संरक्षण	
4	वितरण कंपनियों में सीजीआरएफ की संख्या के लिए मानदंड	एसईआरसी को जिलों, संभागों, क्षेत्र, उपभोक्ता की संख्या आदि जैसे मानकों के आधार पर सीजीआरएफ की न्यूनतम संख्या के लिए मानदंड परिभाषित करने चाहिए।	उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में विनियम, स्थापित किए जाने वाले सीजीआरएफ की न्यूनतम संख्या निर्दिष्ट करते हैं
5	स्वतः वृद्धि के साथ एकीकृत शिकायत प्रबंधन प्रणाली	1. शिकायतों की प्रभावी निगरानी और डाटा विश्लेषण की सुविधा प्रदान करना 2. प्रणाली में केवल एक बार शिकायत दर्ज करने की अनुमति देगा	1. आईआरडीएआई और आरबीआई के बैंकिंग लोकपाल द्वारा आईजीएमएस 2. असम सीजीआरएफ विनियमों में सीजीआरएफ में स्वतः वृद्धि
6	सीजीआरएफ/लोकपाल में शिकायतों का विश्लेषण	शिकायतों की प्रकृति, स्थिति, लिए गए समय आदि के संबंध में शिकायतों के आंकड़ों का विश्लेषण करने के लिए एसईआरसी के भीतर समर्पित सेल।	1. यूपीईआरसी, शिकायतों का सीजीआरएफ वार विवरण प्रदान करता है 2. बैंकिंग लोकपाल की वार्षिक रिपोर्ट
7	ऑनलाइन विवाद समाधान	सीजीआरएफ और लोकपाल की पहुंच बढ़ा सकता है और साथ ही विवाद के समाधान के लिए लागत और समय को कम कर सकता है	कोविड–19 लॉकडाउन के दौरान उत्तर प्रदेश लोकपाल और महाराष्ट्र सीजीआरएफ द्वारा ऑनलाइन सुनवाई
		उपभोक्ता का पक्ष समर्थन	
8	उपभोक्ता संतुष्टि सर्वेक्षण/बेंचमार्किंग	एसईआरसी के भावी विनियामक कार्यों का मार्गदर्शन करने के लिए, आने वाली समस्याओं पर उपभोक्ताओं का समर्थन करने के लिए	1. संयुक्त राज्य अमेरिका में जेडी पावर सर्वेक्षण 2. यूनाइटेड किंगडम में जीएफके सर्वेक्षण
9	उपभोक्ता शिक्षण योजना पर एसईआरसी की मंजूरी	वार्षिक उपभोक्ता शिक्षण योजना वितरण कंपनियों द्वारा तैयार की जा सकती है और एसईआरसी द्वारा अनुमोदित की जा सकती है	दूरसंचार प्रचालकों द्वारा उपभोक्ता आउटरीच कार्यक्रम को भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण की मंजूरी
10	जिलों में उपभोक्ता प्रतिनिधि	1. शिकायत करने के लिए उपभोक्ताओं के मार्गदर्शन और समर्थन के लिए 2. एसईआरसी की विनियामक कार्यवाही में उपभोक्ताओं का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं	यूनाइटेड किंगडम में उपभोक्ता चुनौती समूह
11	एसईआरसी में उपभोक्ता पक्ष समर्थन प्रकोष्ठ का प्रचालन	गतिविधियों की एक वार्षिक योजना बनाकर उपभोक्ता शिक्षण के लिए विभिन्न उपाय अपनाए जा सकते हैं	

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान क्षमता निर्माण कार्यक्रम

विनियामक फोरम (एफओआर) के प्रमुख दायित्वों में से एक विद्युत नियामक आयोगों (ईआरसी) के कर्मियों का क्षमता निर्माण है। फोरम द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 में निम्नलिखित प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

1. सीजीआरएफ के अधिकारियों और एसईआरसी/जेईआरसी के लोकपाल के लिए ''उपभोक्ता हितों का संरक्षण'' पर चार दिवस का ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 से 19 फरवरी, 2021 को राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, फरीदाबाद द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान शामिल किए गए प्रमुख विषय निम्नानुसार हैं:
   - विनियामक ढांचे की भूमिका और उपभोक्ता पक्ष समर्थन को संस्थागत बनाना
   - उपभोक्ता शिकायतों को संभालने की क्रियाविधि
   - उपभोक्ता शिक्षण सशक्तिकरण और वित्त पोषण के लिए संभावित विकल्प और रणनीतियाँ
   - विद्युत अधिनियम, 2003 और उपभोक्ता हितों के संरक्षण पर बल देने वाले सक्षमकारी विनियामक उपबंध
   - उपभोक्ता सशक्तिकरण और शिकायत निवारण तंत्र
   - विद्युत क्षेत्र के उपभोक्ताओं से संबंधित संवैधानिक कानून और कुछ ऐतिहासिक निर्णय
   - ग्राहक सेवा प्रथाओं में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप
   - सीजीआरएफ और लोकपाल के समक्ष उत्पन्न होने वाले महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दे
2. ''विद्युत क्षेत्र में टैरिफ सेटिंग – उत्तम प्रथाएं और उभरते विनियामक परिदृश्य'' पर ईआरसी के अधिकारियों के लिए 14वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम, 1 से 3 मार्च, 2021 को वर्चुअल मोड के माध्यम से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान शामिल किए गए प्रमुख विषय निम्नानुसार हैं:
   - टैरिफ अवधारण के लिए विनियामक दृष्टिकोण का अर्थशास्त्र
   - रेट–ऑफ–रिटर्न विनियम ढांचे के अधीन उत्पादन टैरिफ निर्धारण
   - पारेषण टैरिफ – अंतर–राज्यिक पारेषण प्रभारों और हानियों की शेयरिंग विनियम
   - वितरण टैरिफ प्रक्रिया – बहु–वर्ष टैरिफ और ट्रूइंग–अप
   - दीर्घकालिक मांग पूर्वानुमान और विद्युत खरीद योजनाः उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ का केस अध्ययन
   - विद्युत क्षेत्र के विनियमन के साथ अंतर्राष्ट्रीय अनुभव
   - भावी विद्युत क्षेत्र के लिए विनियामक नवोन्मेष
   - विनियामक बुद्धिशीलता सत्र
   - वास्तविक समय बाजार और उभरते बाजार का विकास
   - आरई क्षेत्र में नए विकास और भविष्य के दृष्टिकोण
   - उपभोक्ता हितों का संरक्षणः संस्थागत दृष्टिकोण और प्रदर्शन के अभ्यास मानक – कार्यान्वयन और विनियामक चुनौतियां

3. एसईआरसी के अध्यक्षध्सदस्य के लिए तीसरा वैश्विक विनियामक परिप्रेक्ष्य कार्यक्रम, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर द्वारा 4–5 मार्च, 2021 और 11–12 मार्च, 2021 को वर्चुअल मोड के माध्यम से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान शामिल प्रमुख विषय निम्नानुसार हैं:

- स्मार्ट ग्रिड, ईवी और आरई को आत्मसात करने के लिए नए विनियामकप्रतिमान
- वितरण और खुदरा उपभोक्ता के टैरिफ का डिजाइन
- खुदरा प्रतिस्पर्धा का आरंभः विनियामक मुद्दे और यूके (और यूरोपीय देशों) से सबक
- यूके में वितरण नेटवर्क के लिए प्रोत्साहन विनियमन का विकासः ए जर्नी टू आरआईआईओ
- नवीकरणीय समृद्ध भविष्य के लिए क्षमता बाजार और संसाधन पर्याप्तता
- विद्युत क्षेत्र के विनियमन के साथ अंतर्राष्ट्रीय अनुभव
- भावी विद्युत क्षेत्र के लिए विनियामक नवोन्मेष

3 वर्ष 2020–21 के दौरान विनियामक फोरम के सदस्य विनियामक निकायों की उपलब्धियां (केविविआ/एसईआरसी/जेईआरसी)

केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग

केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग ने विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 178 के संदर्भ में केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अन्य कारोबार के लिए पारेषण आस्तियों के उपयोग से प्राप्त राजस्व की शेयरिंग) विनियम, 2020 को अधिसूचित किया। इस विनियम का मुख्य उद्देश्य, अन्य कारोबार के लिए पारेषण आस्तियों के उपयोग से प्राप्त राजस्व की शेयरिंग हेतु क्रियाविधि विनिर्दिष्ट करना है। इस विनियम का उपयोग पारेषण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा पारेषण आस्तियों के उपयोग से प्राप्त राजस्व की शेयरिंग के लिए किया जाएगा। उपर्युक्त विनियम से पूर्व, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अन्य कारोबार के लिए पारेषण आस्तियों के उपयोग से प्राप्त राजस्व की शेयरिंग) विनियम, 2007 प्रभाव में था। आयोग ने इस विनियम को पारेषण आस्तियों के उपयोग से प्राप्त राजस्व की शेयरिंग के विनियामक ढांचे को संशोधित करने के लिए एकत्रित अनुभव के आधार पर उपबंधों की समीक्षा करने के बाद निरस्त किया है। यह विनियम, 17 फरवरी, 2020 को अधिसूचित किया गया था।

आयोग ने दिनांक 4.5.2020 की अधिसूचना सं. एल–1/250/2019/केविविआ द्वारा मौजूदा शेयरिंग विनियम 2010 के अधिक्रमण में, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अंतर–राज्यिक पारेषण प्रभारों और हानियों की शेयरिंग), 2020 को अधिसूचित किया। विनियम दिनांक 1.11.2020 से प्रवृत्त हुआ। विनियमों में मोटे तौर पर निम्नलिखित क्षेत्र शामिल हैं:

(i) नामित आईएसटीएस ग्राहकों (डीआईसी) द्वारा अंतर–राज्यिक पारेषण अनुज्ञप्तिधारियों के पारेषण प्रभारों की शेयरिंग की पद्धति।

(ii) उत्पादन स्टेशन और पारेषण प्रणाली में विलंब के मामले में पारेषण प्रभारों का व्यवहार

(iii) पारेषण प्रभारों के संघटक: डीआईसी के लिए पारेषण प्रभारों के निम्नलिखित संघटक होंगे:

क) राष्ट्रीय संघटक (एनसी): राष्ट्रीय संघटक के अधीन कवर किए गए घटकों को अखिल भारतीय अव्यवस्थित दीर्घकालिक पहुंच सहित आदेशिती डीआईसी और अंतः क्षेपण डीआईसी द्वारा क्रमशः उनकी मध्यकालिक निर्बाध पहुंच सहित दीर्घकालिक पहुंच और अव्यवस्थित दीर्घकालिक पहुंच की मात्रा के अनुपात में शेयर किया जाता है।

ख) प्रादेशिक संघटक (आरसी): प्रादेशिक संघटक के अधीन कवर किए गए घटकों को प्रादेशिक अव्यवस्थित दीर्घकालिक पहुंच सहित आदेशिती डीआईसी और अंतः क्षेपण डीआईसी द्वारा क्रमशः उनकी मध्यकालिक निर्बाध पहुंच सहित दीर्घकालित पहुंच और अव्यवस्थित दीर्घकालिक पहुंच की मात्रा के अनुपात में शेयर किया जाता है।

ग) ट्रांसफार्मर संघटक (टीसी): इसमें संबंधित राज्य द्वारा विद्युत के आहरण के लिए नियोजित आईसीटीकेवाईटीसी सम्मिलित होते हैं और संबंधित राज्य में स्थित आदेशिती डीआईसी द्वारा दीर्घकालिक पहुंच और मध्यकालिक निर्बाध पहुंच के अनुपात में शेयर किए जाते हैं।

घ) एसी प्रणाली संघटक (एसीसी): इस संघटक में उपर्युक्त कवर किए गए के अलावा पारेषण प्रणाली का शेष वाईटीसी सम्मिलित होते हैं। इसे और आगे निम्नलिखित दो संघटकों में विभाजित किया जाता है, अर्थात् उपयोग आधारित संघटक (एसी–यूबीसी) और शेष संघटक (एसी–बीसी)। एसी–यूबीसी, डीआईसी द्वारा पारेषण लाईनों के संबंधित उपयोग के संबंध में शेयर किए जाने वाले वाईटीसी के भाग के अनुरूप होते हैं और एसी–बीसी में एसी–यूबीसी के अवधारण के बाद एसीसी से शेष वाईटीसी सम्मिलित होता है और आदेशिती डीआईसी और अंतः क्षेपण डीआईसी द्वारा क्रमशः उनकी दीर्घकालिक पहुंच और मध्यकालिक निर्बाध पहुंच और अव्यवस्थित दीर्घकालिक पहुंच के अनुपात में शेयर किया जाता है।

आईएसटीएस के लिए पारेषण हानियों की संगणना, कार्यान्वयन एजेंसी (एनएलडीसी) द्वारा प्रत्येक सप्ताह के लिए अखिल भारतीय औसत के आधार पर की जाएगी। कार्यान्वयन एजेंसी, बिलिंग माह के लिए आदेशिती डीआईसी और खुले एलटीए के साथ अंतःक्षेपण करने वाली डीआईसी द्वारा देय पारेषण प्रभारों को रुपये के संदर्भ में प्रकाशित करेगी। केन्द्रीय पारेषण कंपनी, पारेषण प्रणाली के लिए प्रथम बिल के पारेषण प्रभार एकत्र करेगी और इस एकत्र की गई राशि को अंतर–राज्यिक पारेषण अनुज्ञप्तिधारियों और अंतःराज्यिक पारेषण अनुज्ञप्तिधारियों को उनके वार्षिक पारेषण प्रभारों के अनुपात में वितरित करेगी।

केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से टैरिफ अवधारण के लिए निबंधन व शर्तें) विनियम, 2020: ये विनियम उन सभी मामलों में लागू होते हैं जहां ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों पर आधारित उत्पादन स्टेशन या उसकी इकाई को, अधिनियम की धारा 62 के साथ पठित धारा 79(1)(क) और (ख) के अधीन कवर किया गया है। विनियमों की नियंत्रण अवधि दिनांक 01.07.2020 से 31.03.2023 तक होगी। नियंत्रण अवधि के दौरान आरंभ की गई नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) परियोजनाओं के लिए इन विनियमों के अनुसार अवधारित टैरिफ, ऐसी आरई परियोजना की टैरिफ अवधि के लिए वैध रहेगा जो उनके उपयोगी जीवन के समान होगा। ये विनियम आरई परियोजनाओं के लिए वित्तीय और तकनीकी मानदंडों सहित मानदंडों को विनिर्दिष्ट करते हैं। ये विनियम दिनांक 01.07.2020 से प्रवृत्त हुए।

केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए प्रक्रिया, निबंधन व शर्तें और अन्य संबद्ध मामले) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2020: केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग ने 2 जनवरी 2020 की अधिसूचना के माध्यम से केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए प्रक्रिया, निबंधन व शर्तें और अन्य संबद्ध मामले) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2020 जारी किया।

केविविआ ने 25 मार्च 2020 को केविविआ (व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए प्रक्रिया, निबंधन व शर्तें और अन्य संबद्ध मामले) विनियम, 2020 में संशोधनों को अधिसूचित किया है। ये संशोधन, विद्युत संव्यवहारों की बैंकिंग के संबंध में व्यापार मार्जिन और अल्पकालिक संविदाओं के संबंध में साख पत्र के मूल्य से संबंधित हैं।

केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (केविविआ) को विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 178 की उप–धारा (2) के खंड (ध) के संदर्भ में टैरिफ निबंधन व शर्तें तैयार करना अधिदेशित है। विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 178 के खंड (2) के उप–खंड (ध) के अधीन प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए, आयोग ने 7 मार्च, 2020 को मूल विनियमों अर्थात् केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ के निबंधन व शर्तें) विनियम, 2019 को अधिसूचित किया था। तदुपरांत, आयोग ने 25 अगस्त, 2020 को मूल विनियमों, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ के निबंधन व शर्तें) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2020 में संशोधन को अनुमोदित किया।इन विनियमों में संशोधन, प्रमुख रूप से दिनांक 7 दिसम्बर, 2015 के पर्यावरण (संरक्षण) संशोधन नियम, 2015 द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) द्वारा अधिसूचित पुनरीक्षित उत्सर्जन मानकों का अनुपालन करने वाले कोयले या लिग्नाइट आधारित थर्मल उत्पादन स्टेशन विद्युत संयंत्रों में संस्थापित उत्सर्जन नियंत्रण प्रणाली पर लागू प्रतिपूरक टैरिफ के अवधारण के लिए पद्धति की व्यवस्था करना है। इन विनियमों में कोयला या लिग्नाइट आधारित थर्मल उत्पादन स्टेशनों में संस्थापित उत्सर्जन नियंत्रण प्रणाली के लिए वित्तीय मानकों, तकनीकी मानकों और प्रतिपूरक टैरिफ की वसूली के ढंग की व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त, कुछ संशोधन शामिल किए गए हैं जो उत्पादन स्टेशनों और पारेषण प्रणाली पर लागू होते हैं। ये विनियम, उत्पादन स्टेशनों और अंतर–राज्यिक पारेषण प्रणाली के लिए टैरिफ के अवधारण हेतु प्रवृत्त होंगे। उत्सर्जन नियंत्रण प्रणाली के प्रतिपूरक टैरिफ का अवधारण, उत्सर्जन नियंत्रण प्रणाली के आरंभ होने से लेकर दिनांक 31.03.2024 तक किया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2021–21 के दौरान एसईआरसी/जेईआरसी की उपलब्धि

मुख्य विनियामक हस्ताक्षेप

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान एफओआर के अन्य सदस्य अर्थात राज्य/संयुक्त विद्युत विनियामक आयोगों ने विभिन्न विनियमों को अधिनियमित किया। राज्य विद्युत क्षेत्र की विद्युत उपलब्धि के महत्वपूर्ण प्रभाव रखने वाले कुछ विनियमों के ब्योरों पर निम्नानुसार चर्चा की गई है:

1) दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा के लिए ग्रुप नेट मीटरिंग और वर्चुअल नेट मीटरिंग) (प्रथम संशोधन) मार्गनिर्देश 2020

दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग ने 19 अक्तूबर, 2020 को दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा के लिए ग्रुप नेट मीटरिंग और वर्चुअल नेट मीटरिंग) (प्रथम संशोधन) मार्गनिर्देश 2020 जारी किया ताकि दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा के लिए ग्रुप नेट मीटरिंग और वर्चुअल नेट मीटरिंग) (प्रथम संशोधन) मार्गनिर्देश 2019 को संशोधित किया जा सके। संशोधन के अनुसार, वाक्यांश (2) वर्चुअल नेट मीटरिंग फ्रेमवर्क आवासीय उपभोक्ताओं, ग्रुप हाउसिंग सोसायटी, सरकारी/स्थानीय प्राधिकारियों के कार्यालय के लिए लागू होगा और मुख्य मंत्री किसान आय बढ़ोतरी योजना के अधीन पंजीकृत नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादकों को वर्चुअल नेटवर्क मीटरिंग (2) के साथ प्रतिस्थापित किया गया और यह घरेलू श्रेणी के अधीन उपभोक्ताओं के लिए और अस्पताल, कॉलेज, स्कूल, धर्मार्थ संस्थाओं द्वारा चलाई जा रही या प्रबंध की जा रही अन्य संस्थाओं, गैर लाभकारी संस्थाओं/न्यास जो घरेलू उपभोक्ताओं की श्रेणी के अधीन कवर नहीं किए गए, उन जैसे उपभोक्तओं के लिए भी लागू होंगे और मार्गनिर्देश 3(2) के अधीन मुख्यमंत्री किसान आय बढ़ोतरी योजना के अधीन पंजीकृत नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादकों के लिए भी लागू होंगे, जो वर्चुअल नेट मीटरिंग की प्रयोज्यता को विनिर्दिष्ट करते हैं।

2) दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा के लिए ग्रुप नेट मीटरिंग और वर्चुअल नेट मीटरिंग) (द्वितीय संशोधन) मार्गनिर्देश 2020

दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग ने 24 दिसंबर, 2020 को दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा के लिए ग्रुप नेट मीटरिंग और वर्चुअल नेट मीटरिंग) (द्वितीय संशोधन) मार्गनिर्देश 2020 जारी किया ताकि दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा के लिए ग्रुप नेट मीटरिंग और वर्चुअल नेट मीटरिंग) 2020 को संशोधित किया जा सके जिसे दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा के लिए ग्रुप नेट मीटरिंग और वर्चुअल नेट मीटरिंग) (प्रथम संशोधन) मार्गनिर्देश 2020 को 19 अक्तूबर, 2020 का संशोधित किया। दूसरे संशोधन के माध्यम से निम्नलिखित परिवर्तनों को कार्यान्वित किया:

(क) "सरकारी/स्थानीय प्राधिकारियों के कार्यालय" वाक्यांश को मार्गनिर्देश 3(2) में जोड़ा गया है। जो वर्चुअल नेट मीटरिंग की प्रयोज्यता को विनिर्दिष्ट करता है और तदनुसार मार्ग निर्देश को निम्नानुसार संशोधित किया गया है:

"(2) वर्चुअल नेट मीटरिंग फ्रेमवर्क धर्मार्थ संस्थाओं, गैर लाभकारी संगठन/न्यास द्वारा चलाई जा रही या प्रतिबंधित अन्य संस्थाओं, अस्पताल, कॉलेज, स्कूल जैसे उपभोक्ताओं, घरेलू श्रेणी के अधीन उपभोक्तओं के लागू होगा जो घरेलू उपभोक्ताओं की श्रेणी, सरकारी/स्थानीय प्राधिकारियों के कार्यालय और मुख्यमंत्री किसान आय बढ़ोतरी योजना के अधीन पंजीकृत नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादकों के अधीन कवर नहीं होते।"

3) मेघालय राज्य विद्युत विनियामक आयोग (अंतःराज्यिक अनिवार्य विभवसनीयता सेवा प्रचालन) विनियम 2020

मेघालय राज्य विद्युत विनियामक आयोग ने 31.07.2020 को अंतः–राज्यिक अनिवार्य विश्वसनीयता सेवा प्रचालन विनियम 2020 संशोधित किया। विनियमों का उद्देश्य राज्य में विद्युत आपूर्ति और मांग का संतुलन, अंतःराज्यिक पारेषण प्रणाली में संकुलता को मुक्त करना और रिजर्व को शामिल करते हुए विद्युत का प्रेषण करना है। विनियम अल्पकालिक निर्बाध पहुंच या मध्यकालिक पहुंच या दीर्घकालिक निर्बाध पहुंच के माध्यम से किए गए संव्यवहारों में शामिल अंतःराजियक इकाइयों (हाइड्रो एवं नवीकरणीय उत्पादकों से भिन्न) के लिए लागू होंगे। इन विनियमों के अनुसार

i) सभी एमईपीसीएल उत्पादन केन्द्र अंतःराज्यिक अनिववार्य विश्वसनीयता सेवाओं में सहभागिता के लिए पात्र होंगे जिनका टैरिफ उनकी पूर्ण क्षमता के लिए आयोग द्वारा अवधारित या अंगीकृत किया जाता है। इसके अलावा अन्य राज्य उत्पादन केन्द्र जिनका टैरिफ आयोग द्वारा अवधारित या अंगीकृत नहीं किया जाता है, उन पर सहभागिता के लिए विचार किया जा सकता है लेकिन समेकित टैरिफ 303.04 पैसे/किलोवाटघण्टे के रूप में माना जाएगा।

ii) नोडल एजेंसी (प्रणाली प्रचालन/भार प्रेषण केन्द्र/एमईपीटीसीएल) प्रत्येक टाइमब्लॉक में परवर्ती लागत पर

विचार करते हुए, रैम्प अप या रैम्प डाउन दर, अनुक्रिया समय, विस्तृत क्रियाविधि में निर्धारित इस प्रकार के अन्य पैरामीटरों और पारेषण संकुलता पर विचार करते हुए अनपेक्षित अधिशेष क्षमताओं के रेगुलेशन अप और रेगुलेशन डाउन के लिए मैरिट क्रम स्टेक तैयार करेगा।

iii) अनिवार्यता विश्वसनीयता सेवा प्रदायक मासिक आधार पर नोडल एजेंसी को निम्नलिखित प्रस्तुत करेगाः क) ओवर लोड (पीएमएएक्स) सहित अधिकतम संभावित एक्स बस उत्पादन (मेगावाट) ख) न्यूनतमक टर्न डाउन स्तर (एमडब्ल्यू) (पीएमआईएन) ग) ईंधन के प्रकार घ) नियत लागत (एक डेसिमल स्थान तक पैसे/किलोवाट घण्टे) ङ) ऊर्जा प्रभार दर (एक डेसिमल स्थान तक पैसे/किलोवाट घण्टे) च) प्रत्येक यूनिट 5 के लिए रैम्प अप दर (मेगावाट/मिनट) छ) प्रत्येक यूनिट के रैम्प डाउन दर (मेगावाट/मिनट) ज) कोल्ड स्टार्ट से स्टार्ट अप टाइम (मिनट में) झ) वार्मस्टार्ट स्टार्टअप टाइम (मिनट में) ञ) सिंक्रानाइजेशन के बाद यूनिट के लिए न्यूनतम अप टाइम (मिनट में) ट) गैर सिंक्रानाइजेशन के बाद यूनिट के लिए न्यूनतम डाउन टाइम (मिनट में) ठ) यूनिटों की अधिकतम संख्या जिसे साथ साथ स्टार्ट अप किया जा सकता है। ड) कोई अन्य सूचना/दबाव।

iv) अनुसूचीकरण परिदृश्य के लिए प्रेषित उत्पादन की मात्रा संबंधित ईआरएस प्रदायक (प्रदायकों) की अनुसूची में प्रत्यक्ष रूप से शामिल की जाएगी और वर्चुअल सहायक इकाई में अनुसूचित किया जाएगा।

v) ऊर्जालेखांकन इंटरफेस मीटर डाटा और अनुसूची पर आधारित राज्य विचलन व्यवस्थापन लेखा सहित साप्ताहिक आधार पर नोडल एजेंसी द्वारा किया जाएगा।

vi) ईआरएस प्रदायक (प्रदायकों) को भुगतान राज्य विचलन व्यवस्थापन पूल लेखा निधि से किया जाएगा। दो प्रकार के पूल हो सकते हैं। एक ज़ीरो शेष पूल और दूसरा व्यवस्थापन के बाद अवशिष्ट राशि वाला पूल होगा।

vii) ज़ीरों शेष (तटस्थ राजस्व के रूप में भी अभिज्ञात) पूल के मामले में, राज्य डीएसएम पूल से या को ईआरएस के अधीन भुगतान पूल संतुलन के भाग के रूप में माना जाएगा और तदनुसार प्रति देय और प्राप्य बराबर किया जाएगा।

viii) गैर ज़ीरो शेष पूल के मामले में ईआरएस के लिए व्यवस्थापन पूल के साथ प्रत्यक्ष रूप से किया जाएगा। घाटा पूल के मामले में ईआरएस के अधीन प्रेषण पर विचार नहीं किया गया है।

ix) रेगुलेशन अप सेवाओं के लिए ईआरएस प्रदायक (प्रदायकों) को पूल से अनुसूचित ईआरएस की मात्रा के लिए आयोग द्वारा यथानिर्णित उनकी परवर्ती प्रभारों पर अदा किया जाएगा। बशर्ते कि परवर्ती प्रभार आयोग द्वारा किया जाएगा और ईआरएस की डिलीवरी के समय पर लागू को इस सेवा के लिए भुगतान की संगणना के लिए प्रयुक्त किया जाएगा और परवर्ती प्रभारों का कोई भी पूर्वव्यापी व्यवस्थापन नहीं किया जाएगा यदि परवर्ती प्रभारों को बाद की तारीख पर संशोधित किया जाता है।

x) रेगुलेशन डाउन सेवा के लिए ईआरएस प्रदायक (प्रदायकों) को अनुसूचित रेगुलेशन डाउन सेवा की माना की तदनुरूपी परवर्ती प्रभारों के पेबैक किया जाएगा और उप अधिकतम प्रचालन के कारण पूल हानि फैक्टर की जाएगी।

xi) कोई प्रतिबद्धता प्रभार ईआरएस के लिए उनको उपलबध करवाने के लिए ईआरएस प्रदायक (प्रदायकों) को नहीं दिए जाएंगे।

4) बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिहार विद्युत विनियामक आयोग (अंतःराज्यिक उपलब्धता आधारित टैरिफ और विचलन व्यवस्थापन तंत्र) विनियम 2020 को अधिसूचित कियाः

बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 40 के खण्ड ग के उपखण्ड (i), धारा 39 के उपधारा 2 के खण्ड घ के उपखण्ड (i) के साथ पठित धारा 181 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए (विनियम बनाने के लिए राज्य आयोग की शक्ति) 02 जून, 2020 को बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिहार विद्युत विनियामक आयोग (अंतःराज्यिक उपलब्धता आधारित टैरिफ और विचलन व्यवस्थापन तंत्र) विनियम 2020 को अधिसूचित किया। इन विनियमों का उद्देश्य इन तरीकों से विभिन्न राज्यों की इकाइयों की कार्यप्रणाली को कवर करना है जो इस प्रकार के राज्य इकाइयों द्वारा ऊर्जा के अंतःक्षेपण और निकासी के संबंध में रखा जाता है और विद्युत प्रणाली की विश्वसनीयता और निष्ठा को बनाए रखा जाता है। इस विनियम में यह निर्धारित किया गया है

कि एबीटी क्षेत्र के अधीन टैरिफ के तीन संघटक होंगे अर्थात क्षमता प्रभार, ऊर्जा प्रभार और विचलन व्यवस्थापन प्रभार होंगे। विनियम में डीएसएम तंत्र में सहभागिता के लिए राज्य इकाइयों द्वारा अपनाई जाने वाली कुछ पर्वू शर्तों को निर्धारित किया गया है। विनियमों में विनिर्दिष्ट किया गया है कि सभी टाइम ब्लॉक के लिए विचलन के लिए प्रभारों को विक्रेता द्वारा अंतःक्षेपण के अधीन और क्रेता द्वारा अधिक आहरण के लिए प्रतिदेय होगा और विक्रेता द्वारा अधिक अंतःक्षेपण और क्रेता द्वारा कम आहरण के लिए प्राप्य समय से यथासंशोधित केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विचलन व्यवस्थापन तंत्र और संबद्ध मामले) विनियम 2014 में विनिर्दिष्ट मूल दर पर टाइमब्लाक की औसत फ्रिक्वेंसी पर किया जाएगा।

परन्तु कि:

i) अनुसूची की 12% की अधिकता में या एक्स मेगावाट, जो भी कम हो, में टाइमब्लॉक में क्रेता द्वारा कम आहरणों के लिए विचलन के लिए प्रभार ज़ीरो होगा।

परन्तु कि वितरण अनुज्ञप्तिधारी (अनुज्ञप्तिधारियों) सहित क्रेताओं की मेगावाट की मात्रा सीमा (एक्स) निम्नानुसार निर्धारित की जाएगी:

क) न्यूनतम अनुसूची का (12%) (वितरण अनुज्ञप्तिधारी या क्रेता 1 एनसीपीडी की पीक मांग) राज्य मात्रा सीमा की पीक मांग या

जहां एनसीपीडी (गैर सह आकस्मिक पीक मांग) निम्नलिखित उपखण्ड (ग) के अधीन निर्धारित शर्त के अध्याधीन वितरण अनुज्ञप्तिधारी (अनुज्ञप्तिधारियों) (क्रेताओं) की पीक मांग के योग को दर्शाता है।

ख) राज्य मात्रा सीमा केविविआ डीएसएम विनियम और इसके संशोधनों के अनुसार राज्य के लिए लागू मात्रा सीमा से संबद्ध होगी।

ग) जहां वितरण अनुज्ञप्तिधारी और क्रेता की पीक मांग पूर्व वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड की गई पीक मांग या आगामी वित्तीय वर्ष में अनुमानित पीक मांग जो भी अधिक हो में रिकार्ड की जाएगी।

ii) अनुसूची के 12% की अधिकता में या एक ओएमडब्ल्यू, जो भी कम हो में टाइमब्लॉक में विक्रेता द्वारा अधिक अंतःक्षेपण के लिए (पवन एवं सौर उत्पादकों के अलावा) विचलन के लिए प्रभार ज़ीरो होगा।

विनियमों में सौर एवं पवन उत्पादकों (यदि वे अनुसूची से विचलन के लिए बाध्य करते है) द्वारा अदा किए जाने वाले विचलन प्रभारों, विचलन मात्रा से संबंधित सीमाएं और सीमाओं को पार करने के लिए परिणाम, विचलन के अतिरिक्त प्रभार, अनुसूचीकरण एवं प्रेषण, गेम को हटाना, ऊर्जा लेखांकन और व्यवस्थापन, राज्य डीएसएम लेखा का प्रचालन इत्यादि की व्यवस्था है।

5) हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (डीम्ड अनुज्ञप्तिधारी के लिए अनुज्ञप्ति की निबंधन व शर्तें) विनियम 2020

एचईआरसी ने 18.09.2020 को हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (डीम्ड अनुज्ञप्तिधारी के लिए अनुज्ञप्ति की निबंधन व शर्तें) विनियम 2020 को अधिसूचित किया। विनियम में अनुज्ञप्तिधारियों को उत्तरदायी ठहराने और एचईआरसी फीस विनियमों के अनुसार एचईआरसी को वार्षिक फीस अदा करने पर विचार किया गया है और जिसमें असफलता की स्थिति में एचईआरसी डीम्ड अनुज्ञप्तिधारी के रूप में किसी गतिविधि के लिए अनुज्ञप्तिधारी को अपवर्जित कर सकता है। अनुज्ञप्तिधारी से अपेक्षित है कि वह विकास में एचईआरसी सहभागिता और सहायता करे, किसी मानकों को जारी और एचईआरसी द्वारा अधिसूचित या प्रस्तावित किसी मानक, कोड और क्रियाविधियों को जारी और उनकी समीक्षा करें। विनियम अगले परवर्ती 10 वर्षों प्रत्येक में आपूर्ति के क्षेत्र के अंदर मांग के पूर्वानुमान के लिए अनुज्ञप्तिधारी को निर्देश देता है और एचईआरसी को उसे प्रस्तुत करने का भी निर्देश देता है। अनुज्ञप्तिधारियों से हरियाणा के लिए विद्युत मांग पूर्वानुमान को तैयार करने में एसटीयू के साथ सहयोग अपेक्षित है। इसके अलावा अनुज्ञप्तिधारी को मितव्ययी और पारदर्शी विद्युत प्राप्ति प्रक्रिया को सुनिश्चित करना होगा और उत्पादक के आउटेज के मामले में वैकल्पिक स्रोतों से विद्युत उपलब्ध करवानी होगा या उन परिस्थितियों में जहां कोई विद्युत अंतरराज्यिक पारेषण कॉरिडोर में संकुलता के कारण पारेषित नहीं की जा सकती, वहां भी उपलब्ध करवानी होगी। वैकल्पिक विद्युत प्रभारों की अनुपस्थिति में एचईआरसी द्वारा यथाअवधारित संगत श्रेणी के टैरिफ के 1.5 गुणा के बराबर अस्थायी टैरिफ लागू होगा।

6) ओडीशा विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत दुर्घटना के पीड़ितों को क्षतिपूर्ति) विनियम 2020

आईईआरसी ने सभी उत्पादन कंपनियों को और ओडीशा राज्य में पारेषण एवं वितरण अनुज्ञप्तिधारियों को लागू ओडीशा विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत दुर्घटना के पीड़ितों को क्षतिपूर्ति) विनियम 2020 को दिनांक 30.05.2020 को अधिसूचित किया। विनियम में सभी अनिवार्य सुरक्षा अपेक्षाओं के अनुपालन के लिए अनुज्ञप्तिधारियों को अधिदेश दिया गया है और ऊर्जा के उपयोग या उत्पादन, पारेषण, वितरण आपूर्ति में प्रयुक्त किसी उपकरण द्वारा हुई दुर्घटना से मनुष्य, पशु और पक्षियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। सुरक्षा मानकों की पूर्ति के लिए पूर्ति न कर पाने वाले अनुज्ञप्तिधारी विद्युत दुर्घटना के परिणामतः पशु/पक्षी या मनुष्य की हानि/चोट के लिए प्रभावित व्यक्ति को क्षतिपूर्ति अदा करने के लिए दायी होंगे। विद्युत दुर्घटना के परिणामतः मानव जीवन की हानि के लिए प्रतिदेय प्रतिपूर्ति चार लाख/व्यक्ति होगी, 60% से अधिक की विकलांगता के मामले में व्यक्ति के लिए दो लाख रुपये/व्यक्ति होगी और 40% और 60% के बीच विकलांगता के मामले में 59,100 रुपये/व्यक्ति होगी। इसके अलावा एक सप्ताह से अधिक के लिए अस्पताल में अपेक्षित व्यक्ति के लिए 12,700 रुपये और एक सप्ताह से कम के अस्पताल की अपेक्षा के लिए 4300 रुपये/व्यक्ति की रकम अनुज्ञप्तिधारी की असावधानी के कारण हुए दुर्घटना के मामले में अनुज्ञप्तिधारी द्वारा प्रतिदेय होगी। विनियम में यह भी विनिर्दिष्ट किया गया है कि इन विनियमों के अधीन क्षतिपूर्ति की मात्रा राज्य आपदा अनुक्रिया निधि तथा राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया निधि द्वारा अपनाई गई सहायता के मांगदण्ड से कम नहीं होगी। यह संबंधित इंजीनियर का दायित्व होगा कि वह विद्युत दुर्घटना के 24 घण्टों के अंदर अनुज्ञप्ति/उत्पादन के सीईओ/प्रमुख विद्युत निरीक्षक को विद्युत दुर्घटना की रिपोर्ट भेजे। विस्तृत जाँच के बाद विद्युत निरीक्षक को अनुज्ञप्तिधारी/उत्पादन कंपनी के सीईओ/मुख्य को विद्युत निरीक्षक के माध्यम से 30 दिन के अंदर विस्तृत जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का अधिदेश है। उत्पादन कंपनी और अनुज्ञप्तिधारी, जैसी भी स्थिति हो, अपने संबंधित क्षेत्राधिकार में घटित होने वाले विद्युत दुर्घटना के ब्योरे तथा इन विनियमों के अनुसार उस पर की गई कार्रवाई के ब्योरे प्रत्येक परवर्ती माह की 15 तारीख तक ओईआरसी को प्रस्तुत करनी होगी।

7) यूपीईआरसी (विद्युत क्रय के इष्टतम और मैरिट क्रम प्रेषण) विनियम 2021

यूपीईआरसी (विद्युत क्रय के इष्टतम और मैरिट क्रम प्रेषण) विनियम 2021 ने दिनांक 13.02.2021 को अधिसूचित किया। यह विनियम उत्तर प्रदेश में वितरण अनुज्ञप्तिधारियों के विद्युत की आपूर्ति करने वाले कैप्टिव उत्पादन संयंत्रों में उत्पादन कंपनियों, सभी वितरण अनुज्ञप्तिधारियों, एसएलडीसी के लिए लागू होंगे। विनियम में विनिर्दिष्ट किया गया है कि वितरण अनुज्ञप्तिधारी प्रत्येक उत्पादन केन्द्रों की परवर्ती लागत को लेने के बाद अंतःराज्यिक और अंतरराज्यिक उत्पादन स्रोतों के लिए राज्य क्षेत्रों में मैरिट आर्डर स्टेक को तैयार करेंगे और एसएलडीसी को मैरिट आर्डर स्टेक प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा विनियम में यह वर्णित है कि एसएलडीसी क्रेताओं और विक्रेताओं के अनुसूचीकरण के समन्वय के लिए उत्तरदायी होगा और अनुसूचीकरण प्रक्रिया के लिए मैरिट आर्डर स्टेक को कार्यान्वित भी करेगा। एसएलडीसी एमओडी स्टेक को संशोधित भी कर सकता है यदि यूपीईआरसी जारी किए गए और यूईआरसी के अनुमोदन के बाद वितरण अनुज्ञप्तिधारी द्वारा यथाअधिसूचित पीपीए में विधि में परिवर्तन में प्रभाव के मामले में जारी किए उत्पादन टैरिफ ओदशों के कारण परवर्ती प्रभारों में पनुरीक्षण हुआ है। सिंगल पार्ट टैरिफ सहित अंतःराज्यिक उत्पादन केन्द्रों के लिए कुल टैरिफ एमओडी प्रयोजन के लिए परवर्ती प्रभार के रूप में माना जाएगा। वितरण अनुज्ञप्तिधारी न केवल परवर्ती प्रभार पर विचार करेगा बल्कि स्टार्टअप और शटडाउन लागतें, उत्पादकों की कमतर यूनिट भार के कारण क्षतिपूर्ति प्रभार तथा अपेक्षित अनुसूची तैयार करने के लिए किसी अन्य परवर्ती लागतों जैसी अन्य परवर्ती लागतों को पर भी विचार करेगा। अनुज्ञप्तिधारी को कम से कम लागत अपेक्षित अनुसूचियों के उत्पादन के लिए प्रणाली दबावों और सभी परवर्ती लागतों पर विचार करने के लिए उन्नत इष्टतम संयंत्रों का उपयोग करना चाहिए। विनियम में वर्णित है कि वितरण अनुज्ञप्तिधारी और एसएलडीसी पीक मांग घण्टों के लिए सुचारू मार्गस्थ के लिए क्षमता वाले उपयुक्त आयोग द्वारा मान्य किसी अन्य तकनीक/स्रोत या जलाशय/पोंडेज आधारित हाइड्रो संयंत्रों या ऊर्जा स्टोरेज संयंत्रों की स्टोरेज क्षमता रैम्पिंग क्षमताओं पर भी विचार करेगा। एसएलडीसी फ्रिक्वेंवी स्थिरीकरण के लिए प्रणाली के स्पिनिंग रिज़र्व अपेक्षाओं की पर्याप्तता को सुनिश्चित करेगा। एसएलडीसी प्रणाली की सक्रिय रिज़र्व अपेक्षाओं अर्थात प्राथमिक नियंत्रण रिज़र्व, द्वितीयक नियंत्रण रिज़र्व, तृतीय नियंत्रण रिज़र्व का रखरखाव करेगा।

वितरण अनुज्ञप्तिधारी को समूची विद्युत प्राप्ति लागत को अधिकतम करने के लिए बाजार परिदृश्य को ध्यान में रखने के बाद अधिक लागत के उत्पादन को प्रतिस्थापित करते हुए या घाटे के परिदृश्य के दौरान विद्युत के क्रय के लिए मौजूदा बाजार अवसरों पर विचार करना चाहिए। वितरण अनुज्ञप्तिधारी उस अवधि के लिए इसके कांट्रेक्ट किए गए इसके स्रोतों को ज़ीरों अनुसूची देने पर विचार कर सकते हैं जिसके दौरान मांग विद्युत प्राप्ति को इष्टतम करने

के लिए उपलब्ध कुल कांट्रेक्ट किए गए स्रोतों से कम होने की आशा है। विनियम में यह वर्णित है कि एसटीयू से संबद्ध कोयला फायर/गैस फायर/मल्टी ईंधन आधारित थर्मल उत्पादन यूनिट के संबंध में प्रचालन के लिए न्यूनतम तकनीक आईईजीसी के अधीन यथासंशोधित या इसकी संस्थापित क्षमता की 55% होगी।

राज्यों में अन्य विनियामक विकास

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान, एसईआरसी ने उपरोक्त खंड में इंगित प्रमुख विनियामक हस्तक्षेपों के अतिरिक्त कई अन्य विनियामक हस्तक्षेपों को सम्मिलित किया है। राज्यों में संबंधित एसईआरसी द्वारा आरंभ किए गए कुछ अन्य विनियामक हस्तक्षेप नीचे दी गई तालिका में दिए गए हैं:

क्रमांक	आयोग का नाम	वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान कार्यान्वित विनियम	वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान जारी टैरिफ आदेश
1	असम विद्युत विनियामक आयोग	• वितरणफ्रेंचाइजी विनियम, 2020 के लिए रूपरेखा • एसईआरसी(फीस का भुगतान आदि) विनियम, 2020 • एईआरसी(पारेषण अनुज्ञप्तियां प्रदर्शन के मानक) विनियम, 2020 • एईआरसी(विद्युत आपूर्ति कोड)(तृतीय संशोधन), विनियम, 2020	क) एपीजीसीएल, ख) एईजीसीएल और एसएलडीसी, ग) एपीडीसीएल के लिए वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए ट्रू अप हेतु टैरिफ आदेश, वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए एपीआर और वित्तीय वर्ष 2021–21 के लिए एआरआर एवं टैरिफ
2	आंध्र प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग	• एपीईआरसी(उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम विद्युत लोकपाल और उपभोक्ता सहायता)(प्रथम संशोधन) विनियम, 2021	क) एपीएसपीडीसीएल, ख) एपीईपीडीसीएल और ग) एपीसीपीडीसीएल के लिए वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु खुदरा आपूर्ति टैरिफ आदेश क) एपीएसपीडीसीएल, ख) एपीईपीडीसीएल के लिए वि.व. 2015, वि.व. 2017, वि.व. 2018, वि.व. 2019 हेतु ट्रू–अप के लिए आदेश
3	बिहार विद्युत विनियामक आयोग		क) एनबीपीडीसीएल और एसबीपीडीसीएल ख) एसएलडीसी ग) बीएसपीटीसीएल घ) बीजीसीएल के लिए वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु टैरिफ आदेश
